हादसा | दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

# बस और कार की टक्कर में तीन की मौत

**नवभारत,जबेरा/दमोह। दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर पुरनयाऊ शुक्रवार शाम करीब 5 बजे पूरनयाऊ के पास एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.बस और कार की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई.**







घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. स्थानीय लोगों और पुलिस ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू कर कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला. हादसे में कार सवार अखिलेश प्रजापति, नत्थू प्रजापति और सोना प्रजापति, निवासी शाहगढ़, की मौके पर ही मौत हो गई.वहीं कार चालक राशिद खान, निवासी शाहगढ़, घायल हो गए, जिनका उपचार जारी है. गंभीर रूप से घायल रीना प्रजापति को प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा से जबलपुर रेफर किया गया। अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉ. रवि यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर किया.इस दर्दनाक घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार बस क्रमांक एमपी 34 जेडबी 0720 व कार क्रमांक एपपी 18 सी 7670 के बीच यह भीषण टक्कर हुई.सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक आनंद कुलादगी, एसडीएम सी.जी. गिरी व प्रभारी तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा भी घटनास्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

> थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बस को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है .घायल बच्ची के साथ कोई परिजन मौजूद नहीं होने के कारण पुलिस ने अपने स्टाफ को उसके साथ इलाज के लिए जबलपुर भेजा है .पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है .प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटना का संभावित कारण सड़क पर बने गड्ढे बताए जा रहे हैं. पुलिस सभी पहलुओं की जांच में जुटी हुई है.



### बटियागढ़ में आलू से भरा 14 चक्का ट्रक पलटा, मची लूट चालक-परिचालक घायल

नवभारत,दमोह। दमोह के बटियागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत नीमन तिराहा पर गुरुवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया।आगरा से आलू लादकर जबलपुर जा रहा एक तेज रफ्तार 14 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया.हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई.दुर्घटना में ट्रक के चालक और परिचालक को मामूली चोटें आई हैं.हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आपातकालीन सेवा 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

### अब प्लास्टिक के डिब्बों में किसानों को मिलेगा 200 लीटर तक सुविधा : कलेक्टर

**नवभारत,दमोह।** किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा डीजल आपूर्ति संबंधी पूर्व में लागू प्रतिबंधों में शिथिलता प्रदान की गई है। जारी आदेश के अनुसार अब जिले के पेट्रोल पंप संचालक किसानों को निर्धारित पहचान व आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत प्लास्टिक के केनों में एक दिन में एक बार अधिकतम 200 लीटर तक डीजल उपलब्ध करा सकेंगे।पूर्व में पेट्रोल पंपों से प्लास्टिक के डिब्बों में डीजल विक्रय पर रोक लगाई गई थी, किन्तु खेती-किसानी कार्यों के लिए डीजल की निरंतर आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। कलेक्टर श्री यादव ने स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर यह छूट प्रदान करते हुए जिले के समस्त पेट्रोल पंप संचालकों एवं ऑयल कंपनी के सेल्स अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।आदेशानुसार पेट्रोल पंप संचालकों को किसानों को किए गए डीजल विक्रय का निर्धारित प्रारूप में संधारण करना होगा तथा प्रत्येक विक्रय पर अनिवार्य रूप से देयक (बिल) जारी करना होगा।

## श्री गौर राधा रमण मंदिर का 36वां वर्षगांठ महोत्सव धूमधाम मनाया गया, शोभायात्रा निकली

▶ दूर-दराज से पहुंचे भक्त, महाआरती व भंडारा आयोजित

**नवभारत,दमोह।** शहर स्थित श्री गौर राधा रमण मंदिर का 36वां वर्षगांठ महा महोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया. प्रातः काल मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो शहर के प्रमुख मार्गों उमा मिस्त्री की तलैया, घंटाघर, बकौली चौराहा, मोहन टॉकीज, पुराना थाना, सिटी नल, महाकाली चौराहा, बड़ा पुल होते हुए मंदिर में संपन्न हुई। इस शोभायात्रा में दमोह के अलावा बनगांव,गैसाबाद,हटा,सागर,नरयावली,खुरई, भोपाल, कोटा, दतिया आदि स्थानों से भक्त मंडली पहुंची। भक्त लोग संकीर्तन करते हुए नाचते-गाते नजर आए। शोभायात्रा में डीजे बग्गी पर भगवान के चित्र स्वरूप विराजमान थे तथा भक्तों ने जगह-जगह भगवान का स्वागत, आरती व प्रसाद का वितरण किया। यह



कार्यक्रम वृंदावन से पधारे श्री श्री 108 श्री हरे कृष्ण दास जी महाराज के सानिध्य में मनाया गया। साथ ही शोभायात्रा पुराना थाना से गुजर रही थी इसी निस्वार्थ गौ सेवा गौशाला में पहुंचकर पूजन अर्चन महाराज जी द्वारा किया गया। शुक्रवार दोपहर लगभग 12:30 बजे ठाकुर जी की महा आरती हुई। तत्पश्चात संस्कार भवन में भक्तों को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री गौर राधा रमन मंदिर की पुजारी शिवप्रसाद दुबे, अभिषेक पांडे, खिलेंद्र तिवारी, सतीश तिवारी, कपिल सोनी सहित और भी हजारों भक्त मौजूद थे.

## लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी

**बीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी का निरीक्षण बीएमओ पटेरा डॉ. आरआर बागरी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारियों की लापरवाही एवं मनमानी सामने आई। पाया गया कि स्वास्थ्य केंद्र का संचालन निर्धारित समय पर नहीं हो रहा था, जिससे मरीजों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित होना पड़ रहा है। डॉ. बागरी ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित एवं लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा वेतन कटौती की कार्रवाई के निर्देश दिए ।

> **अनुशासनात्मक कार्रवाई की दी चेतावनी**
> बीएमओ ने सभी कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### प्रजू बने परिवहन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष


**नवभारत,दमोह।** मध्यप्रदेश कांग्रेश कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन के प्रभारी महासचिव डॉ संजय कामले की सहमति से प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह पाधे द्वारा परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में दमोह जिले के लिए कांग्रेस के नेता प्रजू यशोधरन को एक बार फिर जिला परिवहन प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर पूर्व विधायक अजय टंडन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल पूर्व अध्यक्ष रत्नचंद जैन मनु मिश्रा सहित कांग्रेस के सभी पदाधिकारियो कार्यकर्ताओं बधाई दी.



## हटा में मेडिकल स्टोर्स की जांच, कई दुकानों पर मिलीं अनियमितताएं

फार्मासिस्ट अनुपस्थित मिले दवा रिकॉर्ड अधूरे

खाद्य एवं औषधि प्रशासन जारी करेगा नोटिस



**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण के निर्देशानुसार 19 जून को अनुभागीय अधिकारी हटा के निर्देशन में गठित जांच दल द्वारा हटा नगर में संचालित विभिन्न मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। जांच दल में जिला औषधि निरीक्षक महिमा जैन शामिल रहीं। निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल के पास स्थित सोमी केमिस्ट, कल्प मेडिकल स्टोर, आनंद मेडिकल स्टोर एवं बजरंग मेडिकल का निरीक्षण किया गया। वहीं श्री बजरंग मेडिकल, सरकार मेडिकल एवं अध्या श्री मेडिकल चंडी जी वार्ड हटा मौके पर बंद पाए गए।जांच के दौरान मेडिकल स्टोर्स में वैध ड्रग लाइसेंस, फार्मासिस्ट की उपस्थिति, शेड्यूल ड्रग्स के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड, साफ-सफाई व्यवस्था, एक्सपायरी दवाओं के प्रबंधन तथा प्रतिबंधित दवाओं की उपलब्धता की जांच की गई। निरीक्षण में कुछ मेडिकल स्टोर्स पर फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए,जबकि कुछ दुकानों में दवाओं के क्रय-विक्रय संबंधी रिकॉर्ड अपूर्ण मिले।

> इन अनियमितताओं के संबंध में खाद्य व औषधि विभाग द्वारा संबंधित मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे जिला औषधि निरीक्षक महिमा जैन ने कहा यदि संबंधित पक्षों द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, तो संबंधित मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

### श्री देव जागेश्वरनाथ मंदिर बांदकपुर कॉरिडोर निर्माण में अतिक्रमण ही सबसे बड़ी बाधा : पं . रवि शास्त्री

**नवभारत,दमोह.**विश्वविख्यात व आस्था के प्रमुख केंद्र श्री देव जागेश्वरनाथ महादेव मंदिर बांदकपुर के सर्वांगीण विकास हेतु लगभग सौ करोड़ रुपये की लागत से भव्य कॉरिडोर निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है. यह परियोजना पूर्ण होने के पश्चात मंदिर की दिव्यता भव्यता व आध्यात्मिक गरिमा में अभूतपूर्व वृद्धि होगी तथा देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को ओर भी बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी. किंतु दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि मंदिर क्षेत्र में वर्षों से किए गए अतिक्रमण आज भी यथावत बने हुए हैं. जिससे विकास कार्यों में अनेक प्रकार की बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं. मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने कहा कि श्री देव जागेश्वरनाथ मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं बल्कि करोड़ों



सनातन श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है.प्रदेश शासन व जिला प्रशासन द्वारा मंदिर के विकास के लिए ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए कॉरिडोर निर्माण की योजना स्वीकृत की गई है. निर्माण कार्य प्रारंभ भी हो चुका है लेकिन अनेक स्थानों परअतिक्रमणकारियों द्वारा सरकारी व मंदिर भूमि पर किए गए कब्जे हटाए नहीं जा रहे हैं.उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि जहां मंदिर परिसर की खाली भूमि को भरने और समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है. वहीं दूसरी ओर स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण जस के तस बने हुए हैं यदि वास्तव में बांदकपुर को एक भव्य धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो.

### बीएसएस इंटरव्यू देने आई युवती को आल्टो कार ने मारी टक्कर, घायल



**नवभारत,दमोह।** शुक्रवार सुबह शहर के होमगार्ड तिराहा के पास एक सड़क हादसे में बीएसएस का इंटरव्यू देने आई युवती घायल हो गई.एक अल्टो कार ने युवती को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई.राहगीरों ने तत्काल घायल युवती को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवती का नाम शिवा पिता बाल गोविंद उपाध्याय, उम्र 22 वर्ष, निवासी पन्ना है। जिला अस्पताल में उसका प्राथमिक उपचार कर भर्ती किया गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुहराई ग्राम में करंट लगने से भैंस की मौत

**ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लगाए लापरवाही के आरोप**



**नवभारत,गैसाबाद/दमोह.**गैसाबाद थाना क्षेत्र के मुहराई ग्राम में शुक्रवार सुबह एक भैंस की करंट लगने से मौत हो गई.घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने विद्युत विभाग की लापरवाही को इसका कारण बताया है.प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मुहराई निवासी दीनदयाल गुड़ारे की भैंस सुबह गांव के पास करंट की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए. ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में बिजली लाइन एवं विद्युत उपकरणों के रखरखाव में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण इस प्रकार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं.ग्रामीणों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है.इससे पहले भी गांव में जग्गू कोतवाल की भैंस की करंट लगने से मौत हो चुकी है. बार-बार हो रही ऐसी घटनाओं के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, जिससे लोगों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है.ग्रामीणों ने मांग की है कि घटना की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए तथा गांव में विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण कर संभावित खतरों को तत्काल दूर किया जाए, ताकि भविष्य में किसी व्यक्ति या पशु को अपनी जान न गंवानी पड़े. वहीं पीड़ित पशुपालक ने प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है.



### किसानों व शोषितों के अधिकारों की रक्षा जरुरी

**नवभारत, पथरिया 19 जून।** कुशवाहा समाज तत्वावधान में आज ग्राम पंचायत नंदरई के गणेश मंदिर परिसर में एक भव्य कुशवाहा जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजवादी पार्टी युवाजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सम्राट अशोक क्रांति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र कुशवाहा द्वारा किया गया। चौपाल में क्षेत्र के सैकड़ों प्रबुद्ध नागरिकों, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संबोधित करते हुए मुख्य नेतृत्वकर्ता योगेंद्र कुशवाहा ने समाज के उत्थान, युवाओं को रोजगार और किसानों व शोषितों के अधिकारों की आवाज बुलंद की।

> **सम्राट अशोक के आदर्शों पर चलना होगा**
> उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया. उन्होंने कहा कि समाज में जब तक अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को उसका हक नहीं मिलता तब तक सामाजिक न्याय अधूरा है। सम्राट अशोक के आदर्शों पर चलें।

### एक नजर में



**जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा 16 जुलाई को, तैयारियां शुरू मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ निकलेगी शोभायात्रा**

**नवभारत,दमोह।** जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा महा महोत्सव 16 जुलाई गुरुवार शाम को भव्यता के साथ निकाला जाएगा।इसे लेकर हनुमानगढ़ी और पुराना थाना स्थित जगदीश स्वामी मंदिर में पुजारी द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। शहर के हृदय स्थल घंटाघर श्री हनुमानगढ़ी के पंडित गोविंद दुबे ने बताया कि रथ को पहले से तैयार किया जाता है।इस बार रथ को पूरी तरह नया किया जा रहा है और 16 जुलाई तक रथ तैयार होकर मंदिर के बाहर तैनात रहेगा. उन्होंने आयोजन क्रम के बारे में बताया कि 29 जून सोमवार प्रात: 9 बजे श्री देव स्नान पूर्णिमा (स्नान यात्रा), 15 जुलाई बुधवार प्रातरू 9 बजे श्री गणेश पंचांग पूजन, श्री रामचरित अखंड पाठ प्रारंभ, पीठ स्थापना पूजन, स्थापित देवता पूजन, गोपाल सहस्त्रनाम, पुरुष सूक्त, विष्णु सहस्त्रनाम, श्री राम रक्षा स्त्रोत जप आदि,16 जुलाई गुरुवार प्रातरू 9 बजे श्री जगन्नाथ जी का अभिषेक अर्चन, पूजन, 16 जुलाई मध्यान्ह उपरांत 4 बजे श्री देव जी के छवि विग्रह विमान पर पधारेंगे, पश्चात शोभायात्रा प्रारंभ होकर यात्रा वापस मंदिर में समापन होगी।



**श्रुत पंचमी महापर्व पर मुनि संघ के सानिध्य में निकली मां जिनवाणी की पालकी शोभायात्रा**

**नवभारत,दमोह।** जैन धर्म के ज्ञान आराधना को समर्पित महापर्व श्रुत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को सभी जैन मंदिरों में माँ जिनवाणी पूजन के साथ विविध धार्मिक आयोजन किए गए।इस अवसर पर मुनिश्री पदम सागर जी एवं छुल्लक श्री तात्पर्य सागर जी के निर्देशन एवं सानिध्य में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर में भक्ति मय उल्लास के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए।प्रात: बेला में जैन धर्मशाला से माँ जिनवाणी को पालकी में सजाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जो जो पलन्दी मंदिर, धगट चौराहा, चौधरी मंदिर, बड़ा जैन मंदिर सिटी नल होकर नन्हे मंदिर पहुचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रावक जन हाथों में केसरिया ध्वज लिए तथा पालकी को कांधा देते हुए शामिल हुए।

## चाय पीने के बाद पिता सहित दो बच्चों की बिगड़ी तबीयत

**हालत गंभीर' जबलपुर रेफर,परिजनों ने जताई प्वॉइजन की शंका**




**नवभारत,दमोह।** जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलखेड़ा में गुरुवार-शुक्रवार की देर रात चाय पीने के बाद पिता सहित दो बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। तीनों को गंभीर हालत में दमोह जिला अस्पताल लाया गया, जहां से डॉक्टर ने जबलपुर रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुस्सु पटेल, शिवानी पटेल और महेंद्र पटेल ने चाय पी थी। चाय पीने के बाद अचानक उल्टियां शुरू हो गईं और हालत बिगड़ने लगी। परिजनों द्वारा प्वाइजन की शंका जताई जा रही है। जिला अस्पताल में ड्यूटी रत डॉक्टर यशपाल ने तीनों की हालत गंभीर होने पर तत्काल जबलपुर रेफर किया है। मामले की जांच की जा रही है।

## वृद्ध की हत्या का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**एसपी के निर्देश पर पुलिस की कार्रवाई, दो आरोपी पहले हो चुके गिरफ्तार**

**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) द्वारा गंभीर मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है. इसी क्रम में चौकी नरसिंहगढ़ थाना दमोह देहात क्षेत्र में 13 जून 2026 को एक वृद्ध व्यक्ति के साथ मारपीट कर चाकू मारकर की गई हत्या के



मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है.पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में निरीक्षक अमित गौतम थाना प्रभारी दमोह देहात के नेतृत्व में चौकी नरसिंहगढ़ प्रभारी रोहित द्विवेदी व स्टाफ ने कार्रवाई की. गिरफ्तार आरोपी भूरा उर्फ इमरत रैकवार पिता बबलू रैकवार, निवासी मागंज वार्ड क्रमांक 05, थाना कोतवाली का रहने वाला है. आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया. उक्त मामले में 02 आरोपियों को पुलिस द्वारा पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है. टीम में शामिल निरीक्षक अमित गौतम थाना प्रभारी अन्य रहें.

संदिग्ध मौत | परिवार में मातम, परिजनों ने जताई जहरीले जीव के काटने की आशंका

# भोजन करते समय अचानक गिरी नाबालिग की मौत

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह।** शुक्रवार को एक 11 वर्षीय बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों को आशंका है कि बालिका को किसी जहरीले जीव-जंतु ने काट लिया था, जिसके कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, घटना ग्राम पूरा, थाना तेजगढ़ की है। बालिका सोमवती अहिरवार (11 वर्ष) शुक्रवार सुबह अपने भाई के साथ खेत गई थी। खेत से लौटने के बाद उसके पिता राजू अहिरवार ने उसे भोजन करने के



लिए कहा। इसके बाद पिता सामान लेने दुकान चले गए, जबकि उसकी मां पड़ोस में बीड़ी बनाने गई हुई थी। परिजनों के अनुसार, घर में मौजूद सोमवती ने जैसे ही भोजन का निवाला मुंह में रखा, उसके मुंह से झाग निकलने लगा और वह अचानक जमीन पर गिर गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे उपचार के लिए पहले झलौन और बाद में तेंदूखेड़ा के शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिजनों और रिश्तेदारों का कहना है कि घटना दोपहर लगभग 2 बजे की है। उन्हें संदेह है कि बालिका को किसी जहरीले जीव ने काटा होगा। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।



### पथरिया में मनाया गया पंडित माधवराव सप्रे का 155वां जन्मदिवस

**नवभारत,पथरिया/दमोह.**पंडित माधवराव सप्रे जी ने न केवल हिंदी भाषा को नई दिशा दी, बल्कि अन्य भाषाओं में भी अपनी विद्वता का परचम लहराया। कई साहित्यिक मंचों पर यह उल्लेख मिलता है कि हिंदी वाचन और अनुवाद कार्यों में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका अधिकांश जीवनकाल रायपुर में बीता, जो वर्तमान में छत्तीसगढ़ की राजधानी है, जबकि उनका जन्म एवं प्रारंभिक जीवन पथरिया की धरती पर बीता, जो क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का विषय है।उनके सम्मान में ही कॉलेज का नाम पंडित माधवराव सप्रे के नाम पर रखा गया,

**नाम सुधार सूचना**

मैं महेश कुर्मी उम्र 41 वर्ष पिता लटोरी प्रसाद कुर्मी जाति-कुर्मी निवासी बोतराई तहसील पथरिया जिला दमोह (म.प्र.) शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि- 1. यह कि मैं निवासी ग्राम बोतराई तहसील पथरिया जिला दमोह (म.प्र.) का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे पुत्र का नाम अविनाश पटेल है, तथा उसकी जन्म दिनांक 16/07/2015 है। 3. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम अविनाश पटेल जाति पटेल है जिसके स्थान पर मैं उसकी जाति कुर्मी करवाना चाहता हूं। 4. यह कि मेरे पुत्र अविनाश पटेल के सभी दस्तावेजों में उसका नाम व जाति अविनाश कुर्मी है इसलिए उसके आधार कार्ड में कुर्मी जाति कर दी जावें। 5. यह कि मैं अपने पुत्र अविनाश पटेल के आधार कार्ड में जाति कुर्मी करवाना चाहता हूं। इसी बास्ते यह शपथ पत्र पेश कर रहा हूँ।

शपथकर्ता